29 नवंबर 2013

जिला प्रशासन का गांव देवबन (खण्ड कैथल) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान उपलब्धियां

1. खाद्य आपूर्ति द्वारा 33 राशन कार्ड जारी किए गए।

2. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के 530 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए। गांव की वाल्मीकि बस्ती में पेयजल उपल्बध करवाने के लिए 19 लाख 65 हजार की लागत से टयुबवैल लगाने की स्वीकृति दी गई।

3. रक्तदान शिविर में 12 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसके अलावा तीपहिया साईकिल के दो आवेदन भी स्वीकृत किये गए।

4. विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 50 व्यक्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।

5. कृषि विभाग द्वारा 40 लाभार्थियों को अनाज भण्डारण की टंकियां वितरित कि गई तथा सोयल हैल्थ कार्ड भी वितरित किये गए।

6. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 105 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए हैं।

7. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिन भर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सकों द्वारा 883 लोगों का उपचार किया गया, जिसमें 400 सामान्य ओ0पी0डी0, 350 आयुर्वेदिक ओ0पी0डी0 तथा 133 व्यक्तियों के विभिन्न टैस्ट किए गए। इस दौरान 3 जन्म प्रमाण पत्र तथा 8 मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किए गए।

8. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 20 विद्यार्थियों को तकनीकी जानकारी दी गई।

9. हरिजन कल्याण निगम द्वारा ऋण के तीन आवेदन स्वीकार किए गए।

10. जिला विकास अभिकरण द्वारा 75 व्यक्तियों को सौर ऊर्जा उपकरणों की जानकारी दी गई तथा सौर ऊर्जा उपकरणों के 20 आवेदन प्राप्त हुए।

11. एस0डी0एम0 कार्यालय द्वारा 75 लरर्नर लाईसैन्स आवेदन प्राप्त किए गए।

12. चीका स्थित नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा 64 व्यक्तियों को नशा से बचाव के लिए जागरूक किया।

13. राजस्व विभाग द्वारा 7 इंतकाल दर्ज किए गए तथा 12 विभिन्न प्रमाण पत्र जारी किए गए।

14. गांव में नंदी फांऊडेशन द्वारा दस हजार लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का 17 लाख की लागत से स्थापित आर0ओ0 संयत्र का लोकार्पण किया गया।